हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–243 : जौनपुर, मंगलवार 04 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## क्षयरोग में दवा का असर जानने के लिए होगी सीबीनाट और टूनाट जांच प्रशिक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन अभियान के तहत मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में मंगलवार को जनपद के सभी माइक्रोस्कोपिक केंद्रों के लैब टेक्नीशियन (एलटी) का 'प्रोग्रेमेटिक मैनेजमेंट ऑफ ड्रग रेजिस्टेंस टीबी' विषय पर प्रशिक्षण हुआ। बताया गया कि सामान्य क्षय रोगियों को दी जाने वाली दवाएं जैसे रिफॉम्पिसन एवं आइसोनियाजिड का जिन पर असर नहीं होता है, उनका उपचार शुरू होते ही इन दवाओं का असर जानने के लिए सीबीनाटध्टू नाट से जांच की जाएगी। इसके माध्यम से उनमें फर्स्ट लाइन और सेकंड लाइन ड्रग्स रेजिस्टेंस (दवा का असर न होना) की जांच कराई जाएगी। इससे मरीज में क्षय रोग की गंभीरता और दवाओं के प्रभाव का जल्द पता चल जाएगा और मरीज के इलाज में उसकी गंभीरता के अनुसार दवाएं दी जा सकेंगी। ऐसा कर उसका उपचार सफलता के साथ पूरा हो सकेगा। 2025 तक क्षयरोग के उन्मूलन के लिए सामान्य क्षय रोगियो में विकसित होने वाले ड्रग रेजिस्टेंट टीबी (एमडीआर) की घातकता की समय से जांच के माध्यम से पता लगाकर उसे क्षयरोग मुक्त करने का अभियान युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। 2021 से अब तक कुल 6432 क्षयरोगी खोजे गए और उनका उपचार हो रहा है। इसमें से 253 मल्टी ड्रग रजिस्टेंस (एमडीआर) के रोगी भी सम्मिलित हैं। अब तक कुल उपचार किए जा रहे क्षयरोगियों के सापेक्ष 2021 में निक्षय पोषण योजना में क्षयरोगियों की पोषण में मदद के लिए कुल 1,74,05,500 रुपए की



धनराशि उनके खातों में भेजी गई है। जब से निक्षय पोषण योजना शुरू की गई है तब से अब तक 2018 से 2021 तक 4,92,43,000 रुपए की धनराशि उनके खाते में भेजी गई है। पब्लिक और प्राइवेट दोनों सेक्टर के क्षयरोगियों को जिला क्षय नियंत्रण केंद्र से सभी को डीबीटी की धनराशि देते हुए प्राइवेट सेक्टर में जिन चिकित्सालयों ने क्षयरोगियों की जांच एवं उपचार की सूचना कार्यालय को उपलब्ध कराते हैं। उनकी धनराशि इसी सप्ताह में उनके खाते में भेजने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। प्रशिक्षण सत्र में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राकेश कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) सलिल यादव, ट्रेनर सीनियर ट्रीटमेंट लैब सुपरवाइजर (एसटीएलएस) राजीव श्रीवास्तव, डॉ सुशील अग्रहरि, पब्लिक प्राइवेट मिक्स कोआर्डिनेटर (पीपीएम) रामबचन, पीयूष गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## थाना गौराबादशाहपुर पुलिस ने अपहृता की बरामद करते हुए दो अपहरणकर्ता को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक नगर व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन मे थाना गौराबादशाहपुर पुलिस बल द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 002/2022 धारा 363/366 भा0दं0वि0 में अपहृता/ पीड़िता की बरामदगी व अपहरणकर्ता (1) सुनील राम पुत्र सीताराम निवासी ग्राम चकिया थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर उम्र 31 वर्ष (2) संजीव पुत्र किन्नू राम निवासी ग्राम अमहरपट्टी (उत्तर) थाना रसड़ा जनपद बलिया उम्र 26 वर्ष को आज दिनांक 04.01.2022 समय 13.00 बजे दिन में मुखबीर की सूचना पर अपहृता/पीडिता की बरामदगी करते हुए अपहरणकर्ता को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है तथा बरामद अपहृता/पीडिता को मेडिकल हेतु भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण– 1. सुनील राम पुत्र सीताराम निवासी ग्राम चकिया थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर। 2.संजीव



पुत्र किन्नू राम निवासी ग्राम अमहरपट्टी (उत्तर) थाना रसड़ा जनपद बलिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1. उ0नि0 अवधनाथ यादव, थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर, जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 आशीष कुमार पाण्डेय, हे0का0 बब्बन प्रसाद, का0 काशीनाथ यादव, महिला आरक्षी लता सिंह थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर।

## थाना खेतासराय पुलिस ने नाजायज शराब के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर के कुशल दिशा निर्देशन व पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय थाना खेतासराय मय हमराह पुलिस बल द्वारा दिनांक 04.01.2022 की सुबह मे देखभाल क्षेत्र व सघन चेकिंग के दौरान मुखबीर खास की सूचना पर सुमबुलपुर मोड के पास से अभियक्त 1. फारीश पुत्र इश्तियाक अहमद निवासी मारूफपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को नाजायज शराब के साथ गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से 10 लीटर नाजायज शराब बरामद किया गया। गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 002/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.




फारिश पुत्र इश्तियाक अहमद निवासी मारूफपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1.10 लीटर नाजायज शराब। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम के सदस्य– 1.उ0नि0 श्रीप्रकाश राय,थानाध्यक्ष थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 हरिशंकर यादव , का0 दिनेश यादव, कां0 अमरनाथ यादव थाना खेतासराय जौनपुर।

## बरामद किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से हुई लापता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी एक किशोरी बीते 17 अक्टूबर को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब हो गई थी। वही पीड़ित परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद गांव के ही तीन नामजद लोगों के खिलाफ नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर गायब करने का आरोप लगाते हुए लिखित तहरीर दिया था। वहीं पुलिस तभी से मामले के लीपापोती में जुटी हुई थी। लेकिन मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद बीते 21 अक्टूबर को पुलिस ने आरोपितो के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर अपने जिम्मेदारियों की इतिश्री कर ली, तभी से सभी आरोपित फरार चल रहे थे और पुलिस उन्हें गिरफ्तार भी नहीं कर पाई। पीड़ित परिजनों के काफी प्रयास के बाद उन्हें यह पता चला चला कि लापता किशोरी विशाखापट्टनम में आरोपित के साथ ही रह रही है, वही मुख्य आरोपित के पिता को जब पुलिस हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया तो यह पता चला कि लापता किशोरी विशाखापट्टनम में ही है। पुलिस द्वारा बनाए गए दबाव के बाद आरोपीत द्वारा किशोरी को विशाखापट्टनम के नारी निकेतन में किशोरी को पहुंचा दिया गया। वही सूचना पर पीड़ित परिजन स्थानीय पुलिस के साथ विशाखापट्टनम के नारी निकेतन पहुंचे जहां पर किशोरी को उसके परिजनों को बीते 22 दिसंबर को सौंप दिया गया। वही पीड़ित परिजन बीते 1 जनवरी को किशोरी को लेकर अपने घर पहुंचे, वही पुलिस ने 2 जनवरी को किशोरी का 161 का बयान दर्ज किया और 3 जनवरी को कोर्ट में 164 के बयान दर्ज कराने के लिए पुलिस द्वारा किशोरी को थाने पर बुलाया गया। लेकिन 3 जनवरी की भोर में ही उक्त किशोरी पुनः संदिग्ध रूप से घर से लापता हो गई। परिवार के लोगों ने काफी खोजबीन किया लेकिन जब कहीं कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने पुनः सुरेरी थाने पर पहुंचकर आरोपितो के ही खिलाफ किशोरी को गायब करने का आरोप लगाते हुए लिखित तहरीर दी। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि आरोपितों को अब यह भय सताने लगा है कि किशोरी के बयान के बाद अब स्थानीय पुलिस उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। जिसके भय से आरोपितों द्वारा किशोरी को पुनः संदिग्ध रूप से गायब कर दिया गया। वही तहरीर के आधार पर पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष सुरेरी राज नारायण चौरसिया ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और पीड़िता के 161 के बयान की भी अनभिज्ञता जताई।

## जनपद में अभियान के तहत कुल आठ वारंटी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत जनपद के थानों द्वारा दिनांक–04.01.2022 को कार्यवाही करते हुए कुल 08 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न प्रकार हैः– थाना खेतासराय पुलिस द्वारा 01 वारंटी– 'थाना खेतासराय पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त 1– अदिल पुत्र स्व0 नाजरूद्दीन निवासी जमदहा थाना खेतासराय जौनपुर को उसके घर से समय 09:30 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया आवश्यक विधिक कार्यवाही कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया थाना मछलीशहर पुलिस द्वारा 02 वारण्टी– 'थाना मछलीशहर पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त 1. रणजीत पुत्र अशोक सिंह 2. लवकुश पुत्र स्व0 रामदुलार (लुदुर) निवासीगण खरैयामऊ थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर की गिरफ्तारी उनके घर से समय 04.50 बजे की गयी, उक्त वारण्टियो के विरुद्ध मा0 न्यायालय सी.जे.एम. जौनपुर महोदय द्वारा जारी एनबीडब्लू गिरफ्तारी वारण्ट मु0नं0 7560ध्20 धारा 323ध्504ध्506 भा.द.वि. के तहत गिर0 की गयी । गिरफ्तारशुदा उपरोक्त वारण्टियों को बाद आवश्यक कार्यवाही मा0 न्याया0 के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना शाहगंज पुलिस द्वारा 01 वारंटी– 'थाना शाहगंज पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त 1. सजर पुत्र अबुजाफर निवासी भादीखास शाहगंज जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना चन्दवक पुलिस द्वारा 01 वारंटी – 'थाना चन्दवक पुलिस द्वारा अ0सं0 1101/16 धारा 20 छक्चै ।ब्ज थाना लाइन बाजार जौनपुर से संबन्धित वारंटी सुजीत सिंह उर्फ संजीव पुत्र शीतला सिंह निवासी ग्राम कछवन थाना चन्दवक जनपद जौनपुर को उसके घर के बाहर से समय 06.30 बजे गिरफ्तार किया गया। वारंटी उपरोक्त के विरूद्ध माननीय न्यायालय स्पेशल मजिस्ट्रेट प्रथम जौनपुर द्वारा गिरफ्तारी का अधिपत्र आदेश निर्गत किया गया था। मा0न्यायालय के आदेश के अनुपालन के क्रम में अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। थाना नेवढ़िया पुलिस द्वारा 01 वारंटी– 'थाना नेवढ़िया पुलिस द्वारा



आज दिनांक 04.01.2022 को समय 10.30 बजे एक नफर वारण्टी राजेन्द्र बेनवसी पुत्र जंगाली निवासी लाखापुर थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर उम्र करीब 48 वर्ष सम्बन्धित वारण्ट मु0अ0सं0 418/16 धारा 147/302/323 भादवि थाना नेवढ़िया जौनपुर जारी द्वारा न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड जौनपुर तारीख पेशी 20.01.2022 को उसके घर के सामने से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। थाना जलालपुर पुलिस द्वारा 02 वारंटी– 'थाना जलालपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक–04.01.2022 को वारंटी अभियुक्त बाबा उर्फ सुनील पुत्र वीरेन्द्र निवासी ग्राम करदहा थाना जलालपुर व वारंटी अभियुक्त अजात पुत्र हबीब निवासी दरवेशपुर थाना जलालपुर जौनपुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

## थाना सरायख्वाजा पुलिस ने गैरइरादतन हत्या से सम्बन्धित एक महिला अभियुक्ता सहित दो अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में जनपद में चलाये जा रहे अपराध एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों/वाछित अपराधियो के विरुद्ध अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक देवानन्द रजक मय हमराह उ0नि0 अजय कुमार शर्मा कुमार मय हमराह हे0का0सुजीत कुमार मौर्या,का0 बृजकुमार गुप्ता का0 मुचकुन्द का0 सतेन्द्र कुमार शाह म0हे0का0 पूनम देवी म0का0 सरिता सिंह के रवाना शुदा तलाश वाछिंत अभियुक्त दबिश आदि से मुखबिर खास की सूचना पर दो नफर अभियुक्तगण 1.मो0 आरिफ पुत्र समसुद्दीन 2.विलकिश बेगम पत्नी स्व0 अब्दुल गनी निवासीगण तमरसापुर थाना सरायख्वाजा जिला जौनपुर जो सम्बन्धित मु0अ0सं0 08/22 धारा 304 भादवि थाना सरायख्वाजा जौनपुर का वांछित अभियुक्तगण मो0 आरिफ व विलकिश बेगम है , जो दिनांक 04.01.2022 को समय 08.23 बजे सुबह लालदरवाजा थाना सरायख्वाजा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण– 1–मो0आरिफ पुत्र



समसुद्दीन निवासीगण तमरसापुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 2–विलकिश बेगम पत्नी स्व0 अब्दुल गनी निवासी तमरसापुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1– मु0अ0सं0 08/22 धारा 304 भादवि थाना सरायख्वाजा जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली टीम– 1– प्रभारी निरीक्षक देवानन्द रजक, थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 2– उ0नि0 अजय कुमार शर्मा चौकी शिकारपुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 3–हे0का0 सुजीत कुमार मौर्या ,का0 बृज कुमार गुप्ता ,का0 सतेन्द्र कुमार शाह,का मुचकुन्द यादव ,म0हे0का0 पूनम देवी,म0का0 सरिता सिंह थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर।

## आवश्यक सूचना

**आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–**

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

–संपादक

## नव वर्ष के उपलक्ष में हुआ विराट कवि सम्मेलन

महू, मध्यप्रदेश ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : ITC चौपाल सागर के तत्वावधान में काव्य मंजूषा साहित्य वल्लरी के संयोजन में नव वर्ष की पावन बेला पर चौपाल सागर प्रांगण में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। संयोजन गीतकार कवि विनोद गुर्जर''निर्मल'', सूत्रधार श्रृंगार कवि सुखप्रीत''सुखी'' और संचालन कवि जितेंद्र''राज''और



कार्यक्रम की अध्यक्षता कविश्रेष्ठ चकोर चतुर्वेदी जी ने की। जिसमें देश एवं प्रदेश के अलग–अलग क्षेत्रों से आए कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को अभिभूत कर दिया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलित आयोजक मंडल राधेश्याम जी धीरु अग्रवाल, रितेश व्यास जी, कार्यकम विशिष्ट अतिथि (समाज सेवी) रामलाल प्रजापति एवं विनोद सिंह गुर्जर, सुरेश अष्ठाना, डॉ. विमल सक्सेना यश कौशल के द्वारा कर आयोजन का शुभारंभ किया। इस दौरान कवियों का सम्मान आयोजक श्री कमल अग्रवाल, श्री बसंत अग्रवाल, श्री अनिश द्विवेदी, श्री अरुन सेन, श्री नीरज द्वारा किया गया। कवि सम्मेलन की शुरुआत गीतकार कवि दामोदर विरमाल द्वारा सरस्वती वंदना के साथ की गई। जिसके बाद रामगढ़ से आए श्रृंगार के कवि पवन जोशी ने मुक्तक और गीत माध्यम से श्रोताओं श्रृंगार रस से ओतप्रोत कर जमकर तालियां बटोरी। कार्यक्रम में आमंत्रित कवि दिनेश जरिया, सु श्री देवांशी गुर्जर, गगन खरे, अनिरुद्ध कुशवाह, भगवान दास तरंग, यश कौशल, धीरेन्द्र जोशी, दशरथ ठाकुर, सूरज भान अग्रवाल रहे। कवि सम्मेलन में कवियों द्वारा हास्य कविताओं से लेकर गीत गजल, देश प्रेम, वीर रस, श्रृंगार रस के साथ ही पैरोडी के माध्यम से समा बाँधे रखा साथ ही श्रोताओं की बहुत तालिया व वाह–वाही बटोरी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रोतागण देर रात तक आनंद लेते रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार सुखप्रीत सिंह''सुखी'' द्वारा प्रकट किया गया।

## रोली को गोल्ड मेडल मिलने से विद्यालय परिवार में दिखी खुशी

सुजानगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में आयोजित दीक्षांत समारोह में श्री गौरीशंकर संस्कृत महाविद्यालय सुजानगंज जौनपुर के शिक्षाशास्त्री (बी0एड) विभाग की छात्रा रोली यादव ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में



प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल महामहीम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के हाथों प्राप्त किया। रोली को गोल्ड मेडल मिलने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 विनय कुमार त्रिपाठी ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि यदि परिश्रम किया जाए तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है बस सही दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है। छात्रा रोली ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता–पिता को दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के बच्चों एवं अध्यापकों ने रोली को बधाई दी। इस अवसर पर विनोद तिवारी, शिवानंद चतुर्वेदी, उमेश तिवारी, संदीप तिवारी, इंदु प्रकाश चतुर्वेदी, जितेंद्र सिंह, विपिन सिंह, अखिलेश गुप्ता आदि प्राध्यापक एवं छात्र मौजूद रहे।

## हाई कोर्ट के निर्देश पर जिला जज ने जारी की कोविड– 19 गाइडलाइन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हाईकोर्ट के निर्देश पर जनपद न्यायाधीश मदन पाल सिंह ने दीवानी न्यायालय के लिए तथा ट्रिब्यूनल जज मनोज कुमार सिंह गौतम ने मतापुर स्थित ट्रिब्यूनल के लिए गाइडलाइन जारी की:टीकाकरण करा चुके अधिकतम दस अधिवक्ता या वादकारी ही एक बार में कोर्ट कक्ष में उपस्थित रह सकेंगे। नियमानुसार लिखित बहुत प्रस्तुत की जा सकेगी।सोशल डिस्टेंसिंग एवं कोविड–19 गाइडलाइन का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। न्यायालय खुलने से पूर्व रोजाना कोर्ट परिसर में सैनिटाइजेशन कराया जाएगा।मास्क का प्रयोग अनिवार्य रहेगा। कोर्ट के प्रवेश द्वार पर थर्मल स्कैनिंग कराई जाएगी। वर्चुअल सुनवाई की व्यवस्था का भी निर्देश दिया गया। ट्रिब्यूनल में प्रवेश करने वाले अधिवक्ता व वादकारियों के पास कोविड–19 टीकाकरण का प्रमाण पत्र रखना अनिवार्य होगा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**अपनीं निंदा को धैर्य से सुनना चाहिये यह साबुन का काम करती है–**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# राजनीति के दुश्चक्र में हिंदु धर्म

धर्म के व्यापक फलक में सनातनी भी हिंदू हैं, आर्य समाजी भी और ब्रह्म समाजी भी। ऐसा विशाल और व्यापक धर्म दुनिया में नहीं है। तो फिर हिंदुत्व क्या है? क्या बजरंग दल और श्रीराम सेना की सोच हिंदुत्व है? क्या हिंदुत्व प्रेमी जोड़ों पर हमला है? पहनने–ओढ़ने पर सामाजिक पुलिसिंग है? क्या 'लव जिहाद' के नाम पर आंदोलन हिंदुत्व है? घर वापसी हिंदुत्व है?

हिंदुत्व को लेकर जंग छिड़ी है। 'हिंदुत्व' राजनीति के दुश्चक्र में फंस गया है। एक तरफ हाहाकारी हिंदुत्ववादी हैं और दूसरी ओर 'मैं हिंदू हूं, पर हिंदुत्ववादी नहीं' के झंडाबरदार। फिर कोई खुर्शीद साहब आते हैं और हिंदुत्व को 'बोको हराम' बता जाते हैं। बोको हराम जैसे नृशंस संगठन की तुलना हिंदू धर्म से करना अपनी जाहिलियत का एलान ही है।

कभी कोट के ऊपर जनेऊ पहनने वाले राहुल गांधी हिंदुत्व को हिंसा और सांप्रदायिकता का औजार बता देते हैं। दरअसल हिंदू और हिंदुत्व अद्वैत हैं। हिंदुत्व अपने आप में कोई धर्म, पंथ या वाद नहीं है। जो 'हिंदुइज्म' के जरिये हिंदुत्व को समझने की कोशिश करते हैं, उन्हीं से यह बखेड़ा खड़ा हुआ है। हिंदुत्व सिर्फ 'हिंदू–पन' है।

हमारी परंपरा में चार्वाक ईश्वर के अस्तित्व को ही नहीं मानते थे। उन्होंने वर्तमान में जीने और कर्ज लेकर घी पीने का एलान किया था। हमने उनका सिर कलम नहीं किया, बल्कि ऋषि का दर्जा दिया। कबीर पत्थर को पूजने (मूर्तिपूजा) के खिलाफ खड्गहस्त थे। हमने उन्हें भक्त माना। तुलसी सगुण उपासक थे। पर उन्होंने लिखा पद बिन चले, सुनै बिन काना यानी ईश्वर बिना पैर के चलता और बिना कान के सुनता है।

यानी ईश्वर निर्गुण है। एक ही बिस्तर पर मेरी सनातनी दादी अंतकाल रघुवर पुर जाई गाती थी, तो आर्य समाजी दादा अंतकाल अकबरपुर (फैजाबाद पैतृक गांव) जाई का उद्घोष करते थे। एक मूर्ति पूजा करता, दूसरा उसका विरोध। पर दोनों हिंदू थे। एक ही छत के नीचे कोई राम भक्त, कोई शिव भक्त, कोई कृष्ण भक्त, तो कोई शक्ति की उपासना करता था। पर सब हिंदू थे। यह है हिंदू धर्म का मूल।

हिंदू धर्म की इस संवादप्रियता के कारण ही भारतीय इस्लाम और भारतीय ईसाई यहां वैसे नहीं हैं, जैसे अपने मूल रूप में अरब और पश्चिम में हैं। हिंदू धर्म में आस्तिकता की भी जगह है और नास्तिकता की भी। इसमें मूर्ति को मानने वाले भी हैं, मूर्ति को न मानने वाले भी। द्वैत–अद्वैत और सगुण–निर्गुण को मानने वाले भी।

धर्म के व्यापक फलक में सनातनी भी हिंदू हैं, आर्य समाजी भी और ब्रह्म समाजी भी। ऐसा विशाल और व्यापक धर्म दुनिया में नहीं है। तो फिर हिंदुत्व क्या है? क्या बजरंग दल और श्रीराम सेना की सोच हिंदुत्व है? क्या हिंदुत्व प्रेमी जोड़ों पर हमला है? पहनने–ओढ़ने पर सामाजिक पुलिसिंग है? क्या 'लव जिहाद' के नाम पर आंदोलन हिंदुत्व है? घर वापसी हिंदुत्व है?

वैलेंटाइन–डे का डंडे से मुकाबला हिंदुत्व है? प्रायः कट्टरता को नव राष्ट्रवादी हिंदुत्व का लक्षण मान रहे हैं। एक पवित्र शब्द का अर्थ ऐसे गिरा कि इस शब्द ने अपनी अर्थवत्ता ही खो दी। धारणा में हिंदुत्व के नाम पर एक आक्रामक लठैत समाज खड़ा हो गया, जिसे कोई आलोचना बर्दाश्त नहीं। जैसे बंधु–बंधुत्व, बुद्ध–बुद्धत्व, मनुष्य–मनुष्यत्व होता है, वैसे ही हिंदू–हिंदुत्व होता है।

उसमें गड़बड़ की अंग्रेजी शब्द 'हिंदुइज्म' ने, जिसका अनुवाद अंग्रेजीदां मित्रों ने हिंदुत्व कर लिया। हिंदुत्व शब्द का सबसे पहले इस्तेमाल बंकिमचंद्र के आनंदमठ में हुआ था। बाद में सावरकर ने इसे राजनीतिक विचारधारा से जोड़ा। नासमझी दोनों तरफ है। जो हिंदुत्व में बोको हराम जैसी नृशंसता देख रहे हैं, उन्हें हिंदू धर्म के बारे में कुछ नहीं पता।

हिंदू धर्म न किसी एक किताब से जुड़ा है, न किसी एक धर्म प्रवर्तक या भगवान से। यह दुनिया का इकलौता धर्म है, जहां से आप कोई धार्मिक पुस्तक या भगवान निकाल लें, तो भी बगैर खतरे के धर्म बना रहेगा। हिंदू आत्मा के अमरत्व में विश्वास करता है। हिंदू का धर्म ही उसे वह ताकत देता है कि वह अधर्म से निपट सके।

प्रतिशोध और प्रतिक्रिया की कायर हिंसा के बल पर नहीं, अपनी आस्था, विचार, अहिंसा और अपने धर्म की अक्षुण्ण शक्ति पर। हिंदू को किसी मुल्ला, पोप, आर्क बिशप या महंत के जरिये उस तक नहीं पहुंचना होता है। हिंदू धर्म इस बात की पूरी स्वतंत्रता देता है कि कोई अपना आराध्य, पूजा पद्धति, जीवन शैली अपनी आस्था के अनुसार चुन सकता है।

आप वेद में भी विश्वास कर सकते हैं। उपनिषद् में भी भरोसा कर सकते हैं। रामायण को भी मान सकते हैं। गीता को ही अपना धर्म ग्रंथ मान सकते हैं। उपनिषद भी एक नहीं, 108 हैं। महापुराण भी 18 हैं। हिंदू होने के लिए गीता को बाइबिल या कुरान की तरह अपने धर्म की पहली और अंतिम पुस्तक मानना अनिवार्य नहीं है।

भक्त कवियों ने गुरु का होना अनिवार्य माना है। लेकिन गुरु को सब कुछ मानने वाले कबीर ने भी कह दिया कि गुरु की करनी गुरु जाएगा, चेले की करनी चेला। आदि शंकराचार्य जब केरल के कलाडी गांव से बौद्ध और जैन मत के सामने सनातन धर्म की पुनर्स्थापना करने निकले थे, तो उनके साथ लाखों कारसेवक नहीं थे। उनके साथ उनका धर्म था, जिसे उन्होंने अपने ज्ञान और तप से स्थापित किया।

शंकराचार्य ने चार पीठों की स्थापना की, लेकिन यह नहीं कहा कि यह पीठ उस पीठ से ऊंची या बड़ी है। उन्होंने चार शंकराचार्य बैठाए, लेकिन किसी एक के अधीन तीन को नहीं किया। किसी भी शंकराचार्य को अधिकार नहीं दिया कि अपने धाम के लोगों के लिए धर्मादेश निकाल सकें, जो सभी हिंदुओं के लिए बाध्यकारी हो। सो हिंदू धर्म के मर्म को समझिए और हिंदुत्व पर कृपा कीजिए। हिंदुत्व से अधिक वृहद, उदार और सर्वसमावेशी विचारधारा दूसरी नहीं मिलेगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## मोदी योगी सरकार उपयोगी और उनकी योजनाएं जनकल्याणकारी : प्रकाश पाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : संडीला विधानसभा आरपी पैलेस में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं प्रदेश प्रभारी किसान मोर्चा माननीय प्रकाश पाल जी विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा माननीय के डी त्रिवेदी जी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा माननीय बृजेश सिंह जी कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा श्री विश्वराज सिंह ने की मंच संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णु दयाल शुक्ला जी ने किया । कार्यक्रम में विधायक संडीला राजकुमार अग्रवाल जी विधायक बालामऊ श्री रामपाल वर्मा जी जिला महामंत्री भाजपा अजीत सिंह जी, साथ में अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश पाल ने अपने उद्बोधन में योगी मोदी सरकार के उपयोगी एवं जनकल्याणकारी अनेकों योजनाओं को विस्तार से बताया जिसमें हजारों की संख्या में उपस्थित किसानों में ऊर्जा का संचार हुआ और भाजपा के लिए समर्पण की भावना को व्यक्त किया। अंत में धन्यवाद एवं कार्यक्रम के समापन की घोषणा जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा विश्वराज सिंह चौहान ने की। कार्यक्रम में



जिला महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा नीरज तिवारी राहुल सिंह जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा कौशल सिंह जितेंद्र सिंह हरिदास जिला मंत्री प्रदीप सिंह पिंटू मानवेंद्र सिंह अमित नारायण शर्मा जी मीडिया प्रभारी सौरव सिंह उपस्थित रहे।

## जन विश्वास रैली में शामिल होंगे प्रत्येक बूथ से बूथ अध्यक्ष व पदाधिकारी : आशीष सिंह बघेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लाइन बाजार स्थित इंडियन मेडिकल एशोसिएशन में भारतीय जनता पार्टी की बैठक जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का सुभारम्भ पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ववलित कर की। बैठक में नौ जनवरी को लखनऊ में होने वाली जन विश्वास महारैली में शामिल होने की रणनीति बनाई गई।

मुख्य अतिथि व वक्ता क्षेत्रीय मन्त्री आशीष सिंह बघेल ने जिले के सभी पदाधिकारियों, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा विस्तारकों आदि की परिचयात्मक बैठक एवं लखनऊ में नौ जनवरी को होने वाली जन विश्वास महारैली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी के बूथ अध्यक्ष से लेकर जिला स्तर के नेताओं व पदाधिकारियों तक को जन विश्वास महा रैली में शामिल होना है। उन्होंने रैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में एकजुट होकर लखनऊ चलें ताकि विधानसभा चुनाव 2022 को फतह करने की तैयारी पूर्ण हो सके ।रैली में 10 लाख लोगों की भीड़ जुटाने की तैयारी, जिले के सभी बूथों से लोगों को चलना है: राकेश त्रिवेदी जिला प्रभारी एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी ने कहा कि 09 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लखनऊ में होने वाली अब तक की सबसे बड़ी रैली होगी। लखनऊ से 200 किलोमीटर की दूरी वाले जिलों से हर बूथ से 5 लोग रैली में आएंगे और 300 किलोमीटर दूर जो शहर हैं वहां से रैली में बीजेपी के त्रिदेव जो हैं, बूथ से तीन लोगों को बूथ अध्यक्ष बूथ प्रभारी और बीएलए 2 को जाना है।

भाजपा ने लोगों को जोड़ा हैः पुष्पराज सिंह

जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि हमारे हजारों कार्यकर्ता जन विश्वास यात्रा में निकले, उनकी मेहनत की वजह से ही जिला में सफल




कार्यक्रम हुआ। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा और अन्य दलों की संस्कृति में अंतर है, जो कहा था, वो किया है और जो कहेंगे, वो करेंगे, ये ताकत भाजपा में है उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोगों को जोड़ा है, विपक्षियों ने लोगों को बांटा है. हमने लोगों को कहा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास उन्होंने लोगों को धर्म पर बांटा, उनको जिन्ना की जरूरत पड़ गई ।संचालन जिलामंत्री अमित श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के अंत मे जिला उपाध्यक्ष श्रीमती किरण श्रीवास्तव की असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिये प्राथर्ना की गई। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री गण सुशील मिश्रा, पीयूष गुप्ता, सुनील तिवारी, जिला उपाध्याय गण सुधाकर उपाध्याय, सुरेन्द्र सिंघानिया, संतोष सिंह, राकेश वर्मा, संदीप सरोज जिला मंत्री गण रविंद्र सिंह राजू दादा, अभय राय, राज पटेल, अवधेश यादव, प्रमोद यादव, विजय लक्ष्मी साहू जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, जिला संयोजक सोशल मीडिया सिद्दार्थ राय, जिला संयोजक आईटी रोहन सिंह, विधानसभा प्रभारी गण अजय सिंह, अरुण राय, अशोक श्रीवास्तव, बालकृष्ण पांडेय, बृजेश पांडेय, जिला विस्तारक गण मिथिलेश सिंह, आदित्य कुमार, अरुण विश्वकर्मा, पवन पांडेय, गिरीश पाण्डेय उपस्थित रहे।

## पूर्व केबिनेट मंत्री ने ताइक्वांडो खिलाड़ियों को किया सम्मानित

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : 1st इंडो नेपाल अंतरास्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता जो वाराणसी में सम्पन्न हुआ जहाँ बी.डी.इंटर कालेज मनिहां के छात्र श्रवण कुमार, रजत पदक ,नेहरू बालोद्यान स्कूल के शिवम बिन्द व एस.डी. पब्लिक स्कूल कबिरुद्दीनपुर के अनुराग यादव कांस्य पदक विजेता तथा उनके कोच मैरा दखान गौराबादशाहपुर निवासी संजय पाल को पूर्व कैबिनेट मंत्री जगदीश नारायण राय ने सभी को माल्यार्पण कर शॉल पहनाकर स्वागत किया। मौके पर एस डी पब्लिक



स्कूल के प्रबंधक संतोष यादव भी उपस्थित रहे।

## आरोग्यम क्लीनिक का डॉ एम एल गुप्ता ने किया उद्घाटन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ मुरारीलाल गुप्ता ने ग्राम सिकंदरपुर नरकतरा में आरोग्यम क्लीनिक का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर समाजसेवी डॉ एम एल गुप्ता ने कहा कि आरोग्यम क्लीनिक से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। कहा कि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की भी प्राथमिकता है। पिछड़ेपन को दूर करने के लिए अस्पताल स्कूल आदि के खुलने से क्षेत्र का विकास होगा। साथ ही गरीबों, मजदूरों,किसानों व महिलाओं को अच्छी इलाज की सुविधा मिल सकेगी। पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्र नवनीत गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने से ग्रामीण इलाकों में लोग चिंता मुक्त रह सकेंगे ।किसी भी हारी बीमारी से लोगों को बचाया जा सकता है ।क्लीनिक के संस्थापक डॉ आर के राजपूत ने बताया कि इस क्लीनिक में विभिन्न प्रकार के रोगों का इलाज होगा ।तथा चिकित्सीय परामर्श के लिए अनुभवी चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। समाजसेवी अनुराग श्रीवास्तव ने डॉक्टर आर के राजपूत को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सामूहिक ईश प्रार्थना कर सभी के मंगल की कामना की गई। इस उद्घाटन कार्यक्रम में शिव सत्संग मण्डल के अध्यक्ष आचार्य अशोक, महेश,गेंदन लाल,शिक्षक प्रेम कुमार,मुन्ना लाल,राम निवास,मोहित राजपूत,योग प्रशिक्षक सत्यम सक्सेना,नरवीर,देव सिंह,अभिषेक श्रीवास्तव,चंदन शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे ।व्यवस्थापक यमुना प्रसाद ने आए हुए सभी अभ्यागतों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य परक वातावरण सृजित करने का शिव संकल्प लिया।

## पूर्व राज्यमंत्री पवन पांडे के नेतृत्व में संपन्न हुआ साथी समागम

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। 2 जनवरी समाजवादी पार्टी ने आज यहां साथी समागम कार्यक्रम के माध्यम से विधानसभा चुनाव की तैयारियों को तेज करके आने वाले विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया ।इस दौरान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री लालजी वर्मा समेत मुख्य वक्ता के रूप में उदय प्रताप सिंह ने शिरकत किया। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने इस विधानसभा चुनाव को आर पार की लड़ाई बताते हुए सभी को एकजुट होने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे पूर्व मंत्री लालजी वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही वह दल है जिसने सर्व समाज को साथ लेकर उत्तर प्रदेश को बुलंदियों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की नीतियों और रीतियों से आम जनमानस बेहद प्रभावित हैं और इस बार मन बना चुका है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अखिलेश यादव को एक बार फिर सत्ता की चाबी सौंपेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश की राह पर अग्रसर हो गया था लेकिन वर्तमान की भाजपा सरकार सपा की उपलब्धियों को गिना कर अपना बेड़ा पार करने में जुटी हुई है। श्री वर्मा ने कहा कि इस बार समाजवादी पार्टी की पूरे प्रदेश में लहर चल रही है हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुफ्त बिजली और सिंचाई की व्यवस्था के नाम पर जो घोषणा की है उससे समाजवादी पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास और बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इस बार सर्व समाज का मतदाता समाजवादी पार्टी के साथ खड़ा है और आने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर प्रदेश को एक बेहतरीन सौगात सौंपने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता उदय प्रताप सिंह ने समाजवादी पार्टी को अब तक




की सबसे बेहतरीन सरकार बताते हुए कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश एक बार फिर बुलंदियों को छू लेगा। अंतर्राष्ट्रीय कवियत्री शबीना अदीब ने कार्यक्रम में मौजूद रहकर समाजवादी पार्टी की सरकार को बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सपा ही वह दल है जो प्रदेश को और ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सक्षम है। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने कहा कि समाजवादी पार्टी की पूरे प्रदेश में लहर चल रही है इस बार सपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी जो सर्व समाज के हित के लिए काम करेगी। पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि साथी समागम कार्यक्रम में आज बड़ी तादाद में कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर आने वाले दिनों में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने स्मृति चिन्ह व फूल माला देकर स्वागत किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने एकजुट रहते हुए समाजवादी पार्टी की सरकार एक बार फिर बनाने का अपना संकल्प दोहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन विधानसभा अध्यक्ष शिवबरन यादव पप्पू ने किया।

## सामाजिक सम्पर्क अभियान को लेकर पिछड़ा मोर्चा की बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमे पिछड़ा वर्ग मौर्चा की कार्ययोजना तय की गई। जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने बताया कि पहले चरण में 04 जनवरी से 09 जनवरी तक सामाजिक संपर्क अभियान चलेगा उसके बाद फिर दुसरे चरण में 13 से 15 जनवरी तक चलेगा, जिसमें रुट तय करके प्रत्येक समाज से 10–10 नाम की सूची बनाकर उनकों जन सम्पर्क में लगाने पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में सपा बसपा समेत अनेक पार्टियां जाति वर्ग के नाम पर बंटवारे और तुष्टिकरण की राजनीति करती है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विश्वास पर कार्य करते हुए सभी जाति वर्ग को ध्यान में रखकर समान रूप से अपनी कार्ययोजना तय करती है ताकि हर जाति वर्ग और क्षेत्र में भाजपा का कार्य विचार व्यापक रूप से पहुंचे और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकार की योजनाओं से जोड़कर उसके जीवन में खुशहाली लाकर, एक स्वस्थ एवं समावेशी समाज के निर्माण के द्वारा सुदृढ़ एव सशक्त भारत का निर्माण किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि यह जनसंपर्क अभियान सिर्फ चुनाव जीतने तक ही सीमित नहीं है बल्कि इस अभियान के माध्यम से समाज के हर जाति वर्ग के व्यक्ति तक भाजपा का विचार एवं सरकार के द्वारा पिछड़े समाज के लिए किए गए कार्यों जैसे उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान योजना के अंतर्गत प्रत्येक गरीब परिवार को इलाज के लिये 5 लाख रुपया की सहायता राशि जैसे योजनाओं में पिछड़े समाज के लोगों को अधिकाधिक लाभ मिला। उन्होंने आगे बताया कि पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने का कार्य



करना, मेडिकल शिक्षा के लिए प्रवेश परीक्षाओं में पिछड़े वर्ग को 27: आरक्षण देना, राजभर समाज के महापुरुष महाराजा सुहेलदेव जी को उचित सम्मान देने के लिए पहली बार अनेकानेक कार्यक्रम चलाया गया, प्रजापति समाज के लिए पहली बार माटी कला बोर्ड का गठन किया गया, मछुआ समाज के लिए 24071 हेक्टेयर तालाब का आवंटन करना तथा विश्वकर्मा श्रम समाज के अंतर्गत सभी जाति वर्ग के श्रमिकों के लिए 10 हजार से लेकर 10 लाख तक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना। मोदी जी ने अपने कैबिनेट में 27 पिछड़े समाज से मंत्रियों को शामिल किया तथा जाति के आधार पर जनगणना करने का अधिकार राज्यों को पहली बार दिया गया। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में आदित्यनाथ योगी की सरकार ने गांव गरीब, किसान, मजदूर, शोषित वंचित एवं पिछड़े समाज के हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाकर उसके सर्वागीण विकास किया गया। उक्त अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गण राजकुमार जायसवाल, सर्वेश चौरसिया, अजीत सोनी, जिला महामंत्री गण प्रमोद प्रजापति, संजीव साहू, जिला मंत्री गण अच्छेलाल मौर्य, विमल भोजवाल, दुर्गा मौर्या, कोषाध्यक्ष अवनींद्र यादव, जिला कार्यसमिति सदस्य ममता मोर्या, प्रमोद गुप्ता और रेनू मोदनवाल उपस्थित रहीं।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृतिका उपवन का किया गया शिलान्यास एवं विधिवत भूमि पूजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव :माननीय राज्यमंत्री खेल युवा कल्याण उत्तर प्रदेश सरकार, उपेंद्र तिवारी जी एवं मा. राज्य मंत्री आवास एवं शहरी नियोजन, गिरीश चंद्र यादव जी के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृतिका उपवन का शिलान्यास एवं विधिवत भूमि पूजन किया गया । मा. राज्यमंत्री उपेंद्र तिवारी जी ने ने कहा कि उपवन के बन जाने से जनपद वासियों को अत्यंत लाभ होगा,बच्चों को खेलने के लिए शुद्ध वातावरण और स्थान सुनिश्चित होगा जिससे उनका शारीरिक विकास होगा, बुजुर्गों युवाओं सहित सभी लोगों के टहलने के लिए उपवन की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वर्तमान समय में शुद्ध और प्रदूषण मुक्त वातावरण की अत्यंत आवश्कता है जिससे आमजनमानस लाभान्वित हो। इस उपवन के पूर्ण हो जाने



से न सिर्फ हरियाली को बढ़ावा मिलेगा अपितु पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण भी होगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, प्रवक्ता मनीष शुक्ला ,सुशील तिवारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# जेसीआई जौनपुर अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय का कार्य सराहनीयः सिटी मजिस्ट्रेट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जेसीआई जौनपुर द्वारा धर्मापुर क्षेत्र के ग्राम सरायमोहिउद्दीनपुर स्थित पार्क में ग्रामीण जनता के लिये इस कड़ती ठण्ड में कम्बल, जैकेट वितरण का भव्य आयोजन किया गया जहां अधिक से अधिक संख्या में लोगों को कम्बल विघ्तरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट अनिल अग्निहोत्री रहे। उन्होंने अस्वस्थ रहते हुए भी इस मानवता के कार्य में अपनी भरपूर उपस्थिति दर्ज करायी। उन्होंने कहा कि जेसीआई जौनपुर समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है और साथ ही साथ डा. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में संस्था निश्चित ही अग्रणी भूमिका में रहेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्था के पूर्व मण्डलाध्यक्ष राध ेरमण जायसवाल ने कहा कि जेसीआई संस्था 58 वर्षों से जनपद जौनपुर में कार्यरत है और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री पाण्डेय ने कहा कि मेरे सभी साथियों के सहयोग से निश्चित ही इस वर्ष




संस्था नये आयाम रचेगी। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान पंकज राय, अनिल फौजी और कार्यक्रम संयोजक नीरज श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में रमेश श्रीवास्तव, दिलीप सिंह, सत्य प्रकाश जायसवाल, आनन्द प्रकाश, आशुतोष जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, आकाश केसरवानी, प्रदीप सिंह, सौरभ बरनवाल, अतुल जायसवाल, दिलीप जायसवाल आदि उपस्थित रहे। सचिव प्रदीप जायसवाल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन हाफिज शाह ने किया।

# जनपद में 15 वर्षीय श्रुति को लगा कोविड का पहला टीका

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह तथा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेंद्र सिंह की उपस्थिति में लीलावती महिला चिकित्सालय में सोमवार को 15 से 18 वर्ष के किशोर–किशोरियों के कोविड–19 टीकाकरण सत्र का उद्घाटन किया। 15 वर्ष की श्रेणी में श्रुति अग्रहरि (15) को स्टाफ नर्स मालती ने जनपद का सबसे पहला टीका लगाया। जिलाधिकारी ने उन्हें बधाई देते हुए समय से 28 दिन पर दूसरा टीका 31 जनवरी को लगवा लेने का सुझाव दिया। जनपद में 15 से 18 वर्ष के किशोर–किशोरियों के टीकाकरण की तैयारी मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह के निर्देशन तथा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में चल रही थी। जनपद में 3,15,205 किशोर–किशोरियों को इसके तहत कोविड–19 का टीका लगवाने का लक्ष्य है। किशोरों में उत्साह – टीकाकरण को लेकर सेंट पैट्रिक की छात्रा श्रुति अग्रहरि (15) पुत्री डॉ सुशील जायसवाल उत्साहित रहीं। सबसे पहले उन्हें टीका लगने पर उन्होंने अपनी खुशी का इजहार किया। उन्होंने बताया कि उन्हें बहुत दिनों से टीकाकरण का इंतजार था। चाहती थीं कि टीका लगवाकर कोविड से सुरक्षित हो जाएं। उन्होंने सभी को टीका लगवाकर सुरक्षित हो जाने का संदेश दिया। राधिका इंटर कालेज के छात्र हिमांशु पांडे (17) पुत्र बैजनाथ पांडेय भी टीका लगवा कर खुश दिखे। उन्होंने कहा कि टीका लगवाकर उनका लंबा इंतजार खत्म हुआ। सेंट पैट्रिक के युवराज सिंह (16) पुत्र सुनील कुमार सिंह ने भी टीका लगवाया। यहां बने हैं टीकाकरण केंद्रः डीआईओ डॉ नरेंद्र सिंह ने बताया कि 15 से 18 वर्ष के किशोर–किशोरियों के लिए अलग से 80 टीकाकरण केंद्र बनाए गए हैं जो कि जिला महिला चिकित्सालय, जिला पुरुष चिकित्सालय, लीलावती महिला चिकित्सालय, सभी सामुदायिक (सीएचसी) तथा प्राथमिक



स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर हैं। प्रीकॉशनरी डोज – डॉ नरेंद्र सिंह ने बताया कि 10 जनवरी से हेल्थ केयर वर्कर तथा फ्रंटलाइन वर्कर के साथ 60 वर्ष से अधिक उम्र के कोमार्विड लोगों को प्रीकॉशनरी डोज (एहतियाद टीका) लगेगा। इसके लिए भी सारी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। फ्रंटलाइन वर्कर के अंतर्गत आने वाले चुनाव की ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। इन लोगों को प्रीकॉशनरी डोज लगवाना अनिवार्य है। ऐसे रजिस्ट्रेशन – यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) के वैक्सीन एवं कोल्ड चेन मैनेजर शेख अबजाद ने बताया कि कोविन पोर्टल पर आनलाइन बुकिंग के लिए स्लाट उपलब्ध हैं। वैक्सीनेशन सेंटर पर भी बिना आनलाइन बुकिंग के जाने पर भी स्वास्थ्यकर्मी आनस्पाट रजिस्ट्रेशन करके तुरंत टीका लगा देंगे। अभी तक की स्थितिः जनपद में 18 वर्ष से अधिक उम्र की आबादी 34,26,408 है। इसमें से 31,41,981 से ज्यादा लोगों को टीके की पहली डोज का टीकाकरण लक्ष्य पूर्ण किया जा चुका है। अब तक 49,88,871 से अधिक डोज लगाई जा चुकी हैं। 18,46,890 से अधिक लोगों को दोनों डोज लगाई जा चुकी हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि यदि कोई भी प्रथम डोज से वंचित है तो वह अपना टीकाकरण अवश्य करवा लें। इसके साथ ही जिन लोगों का दूसरी खुराक लगवाने का समय आ गया है, वह अपनी दूसरी खुराक अवश्य लगवा लें। उद्घाटन के मौके पर यूनीसेफ से डीएमसी गुरदीप कौर, नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक प्रवीन पाठक सहित स्वास्थ्य विभाग के तमाम अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

# थाना खुटहन पुलिस ने एक अवैध तमन्चा मय कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस अध ीक्षक, जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के मार्गदर्शन व थानाध यक्ष अश्विनी कुमार दुबे थाना खुटहन जौनपुर के पर्यवेक्षण में उ0नि0 रामभवन यादव मय हमराह हे0का0 संजय ओझा व हे0का0 गणेश यादव के द्वारा एक तंमचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ अभियुक्त 1. राजकुमार यादव पुत्र विजय बहादुर यादव निवासी भटपुरा यादव बस्ती थाना खुटहन जनपद जौनपुर को दिनांक 04.01.2022 समय करीब सुबह 09.30 बजे सेवई नाला पुल भटपुरवा मार्ग के पास थाना खुटहन जौनपुर के अन्तर्गत जुर्म धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है । " गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण 1.राजकुमार यादव पुत्र विजय बहादुर यादव निवासी भटपुरा यादव बस्ती थाना खुटहन जनपद जौनपुर पंजीकृत अभियोग– 1. मु0अ0सं0 004/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना खुटहन जनपद जौनपुर । बरामदगी का विवरण– 1.एक नजायज तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर नजायज। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम का विवरण– 1. उ0नि0 रामभवन यादव थाना खुटहन जनपद जौनपुर। 2.हे0का0 संजय ओझा थाना खुटहन जनपद जौनपुर । 3.हे0का0 गणेश यादव थाना खुटहन जनपद जौनपुर।

# थाना खेतासराय पुलिस ने शातिर अपराधी को एक नाजायज बांका के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद मे अपराध की रोकथाम व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधि ाकारी शाहगंज जौनपुर निकट पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष खेतासराय मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान शातिर अभियुक्त राशिद कुरैशी पुत्र वहीद कुरैशी निवासी सुमबुलपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को एक नाजायज बांका के साथ शाहापुर बिजली पोल के पास से 10:40 बजे गिरफ्तार किया गया । नाम पता व आपराधिक इतिहास– 1. राशिद कुरैशी पुत्र वाहिद कुरैशी निवासी सुमबुलपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 1. मु0अ0सं0 003/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना खेतासराय जौनपुर। 2.मु0 अ0 स0 242/2021धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सराय ख्वाजा जौनपुर। 3. मु0 अ0 सं0 203/2021 धारा 336 ,379 भादवि थाना सराय ख्वाजा जनपद जौनपुर। 4. मु0 अ0 सं0 237 /2021 धारा 379 ,411 भादवि थाना सराय ख्वाजा जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. एक नाजायज बांका। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम– 1.श्रीप्रकाश राय, थानाध्यक्ष थाना खेतासराय जौनपुर। 2.उ0नि0 राकेश कुमार सिंह,का0 दिनेश यादव, का0 दिनेश सरोज थाना खेतासराय जौनपुर।

# बदमाशों ने शिक्षक परिवार पर किया जानलेवा हमला : शिक्षिका घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निर्माणाधीन लखनऊ– वाराणसी राजमार्ग पर रविवार की रात लाईनबाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत फूलपुर केवटान गांव के समीप कार से जा रहे दो शिक्षक परिवार पर अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में एक शिक्षिका के सिर में पत्थर लगी जिससे वो गम्भीर रूप से घायल हो गई। शिक्षक की कार का सीसा भी टूट गया। देर रात जिला अस्पताल पर इलाज हुआ। प्राथमिक शिक्षक संघ के



जिला संगठन मंत्री अश्वनी सिंह व सन्तोष सिंह बघेल अपने परिवार के साथ सिकरारा थाना क्षेत्र के खानापट्टी गांव निवासी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह के घर पर आयोजित श्रीरामचरितमानस मानस पाठ में शामिल होने परिवार के साथ गए थे। रात में भोजन करने के बाद वो कार से ही वापस शहर आ रहे थे कि निर्माणधीन लखनऊ– वाराणसी राजमार्ग पर फूलपुर केवटान बस्ती के पास पहुंचे ही थे कि वहां पहले से ही खड़े कुछ लोग हाथ मे ईट– पत्थर व लाठी– डंडा लेकर जबरन कार रोकने की कोशिश की गई। कार न रोकने पर उन्होंने ईट– पत्थर मारना शुरू कर दिया। हमले में शिक्षक नेता अश्विनी सिंह की पत्नी शिक्षिका नीतू सिंह के सिर में एक पत्थर लगा जिससे वो लहूलुहान हो गई। भयजदा शिक्षक परिवार की माने तो वे जान बचाने के लिए जोर– जोर से आवाज दे रहे थे। वो भागते रहे बदमाश उनपर ईंट– पत्थर से हमला करते रहे। किसी तरह से वो लोग जान बचाकर वहां से निकले। कार में शिक्षक नेता सन्तोष सिंह सिंह बघेल की पत्नी शिक्षिका ज्योति सिंह व उनके दो बच्चे अभि और शुभि बैठे थे। हमले में कार का सीसा टूट भी टूट गया। कुछ दूरी जाने पर उन लोगो ने सूचना 112 नम्बर पुलिस को दिया। घने कोहरे में जान बचाने के लिए भयजदा शिक्षक परिवार को अचानक एक स्कूल बस मिला। उसी के सहारे वो वहां से शहर में पहुंचे। घायल शिक्षिका को इलाज हेतु रात में ही जिला अस्पताल भेजा गया। सोमवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध यक्ष अमित सिंह ने पुलिस अधीक्षक को सूचना दी। साथ ही संगठन के अन्य सदस्यों के साथ लाइनबाजार थाना पर जाकर अश्विनी सिंह द्वारा तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराकर थानाध्यक्ष से मामले की निष्पक्ष जांच व दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग किया। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। कहा कि उक्त मार्ग पर पिकेट ड्यूटी भी बढ़ा दी जाएगी।

## सुर संगम परिवार ने दिया श्रधांजलि : जताया शोक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुर संगम परिवार सामाजिक सांस्कृतिक संस्था ने रविवार की देर शाम रुहट्टा निवासी विरेन्द्र श्रीवास्तव के आवास पर सुर संगम परिवार की सदस्य व भाजपा नेत्री स्व0 किरण श्रीवास्तव के निधन पर लोगों ने दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि देकर



शोक जताया। संस्था के अध्यक्ष सुप्रसिद्ध गायक पंकज सिन्हा ने कहा कि किरण श्रीवास्तव हमारी संस्था की सबसे सक्रिय सदस्य थी । हमेशा उनका सहयोग हमको हमारी संस्था को मिलता रहा है आज हमारे बीच नही है हमेशा उनकी कमी खलती रहेगी ।उनकी कमी को कोई पूरा नही कर सकता है। इस मौके पर अजय श्रीवास्तव (रिटा.जज,)वीरेंद्र श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, शिशिर मौर्या अशोक गुप्ता शैली गगन, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव पत्रकार, अंकित श्रीवास्तव पत्रकार ,डा. इन्द्रसेन श्रीवास्तव, भृगुनाथ पाठक, नीरज श्रीवास्तव, अनिल शुक्ला, गणतंत्र श्रीवास्तव, लोकेश साहू ,मनीष एडवोकेट, राजेश वेस्टीज शिव शंकर साहनी, राकेश श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के डी शर्मा ने किया कार्यालय का उद्घाटन

आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी भारतीय जनता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष केडी शर्मा ने उन्नाव जनपद में राष्ट्रीय युवा वाहिनी कार्यालय



का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान रजनीश कुमार को उन्नाव जनपद का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। उन्नाव जिला कार्यालय की स्थापना कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष केडी शर्मा ने उन्नाव जिला अध्यक्ष को मनोनयन पत्र सौंपा।कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष आमिर खान अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष यासिर खान राष्ट्रीय सचिव इरफान मोहसीन सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के नगर कार्यालय पर गरीबों को कंबल वितरण किया गया

आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के



नगर कार्यालय 114 इंसाफ नगर में नगर अध्यक्ष मुर्तजा अली और जिला अध्यक्ष रंजीत यादव के द्वारा गरीबों को कंबल वितरण किया गया ।इस मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष बदरूल हसन राष्ट्रीय शाहिद सिद्दीकी खुर्शीद सिद्दीकी आशीष शर्मा मोहम्मद फरहान सलाहकार खालिद इस्लाम उपस्थित रहकर गरीबों को कंबल वितरण किया गया । उक्त जानकारी मुर्तजा अली नगर अध्यक्ष/ प्रवक्ता प्रगतिशील समाजवादी पार्टी {लोहिया} ने दी।

## हनुमान सेतु मंदिर में नये साल पर 251 जरूरतमंदों को बांटा प्रसाद

आर. एल. पाण्डेय लखनऊ. पूज्य बाबा नीब करौरी महाराज द्वारा स्थापित हनुमान सेतु मंदिर में अंग्रेजी साल के पहले दिन करीब एक लाख श्रद्धालु जनों ने दर्शन – पूजन किया. दर्जनों भक्तजनों ने अलग – अलग तरह से सेवा कर प्रसाद व कंबल आदि वितरित किये. हनुमत् कृपा ट्रस्ट की ओर से पूड़ी – सब्जी के 251 पैकेट भी भक्तों को बाँटे गये.नये साल के पहले दिन सुबह से रात तक हनुमान सेतु मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही. मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं का ताँता लगा रहा. हनुमान सेतु मंदिर ट्रस्ट के सचिव दिवाकर त्रिपाठी खुद व्यवस्था पर नजर रखे रहे. बाहर से अंदर तक मंदिर को फूल माला से बहुत सुंदर तरीके से सजाया गया था. मंदिर के पुजारी ने बताया कि साल के पहले दिन एक लाख से ज्यादा हनुमान भक्तों ने मंदिर आकर दर्शन – पूजन किया. हनुमत् कृपा ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश दीक्षित ने बताया कि कई हनुमान भक्तों के सहयोग से पूड़ी सब्जी के 251 पैकेटों का वितरण ट्रस्ट से जुड़े लोगों द्वारा मंदिर के बाहर वितरित किये गये. इस पुण्य कार्य में भतीजे हेमंत दीक्षित व आशीष दीक्षित के अलावा डॉ. दिनेश चंद्र द्विवेदी (



बंगलौर), रजनी सेठ (शाहजहांपुर), शरद कपूर (लखनऊ), ओम प्रकाश दार्शनिक (प्रयागराज), सुदीप बाजपेयी, प्रधान जी (बाराबंकी) का खास सहयोग रहा. प्रसाद वितरण में आचार्य रामू पाण्डेय, रमेश शर्मा, नीलम दीक्षित, बेबी पाण्डेय, सीमा दीक्षित भूमिका मिश्रा, पूजा शर्मा व सीमा दीक्षित (बाराबंकी) व आलोक श्रीवास्तव आदि भक्तजनों का सराहनीय सहयोग रहा।

# थाना केराकत पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के मुकदमें में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराध ियों के विरूद्ध चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण एवं दिशा दृ निर्देशन में थाना केराकत कोतवाली जौनपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–04/22 धारा 147/ 148/ 323/ 307/ 504/ 506 भादवि के वांछित अभियुक्तणो की गिरफ्तारी प्र0नि0 केराकत के नेतृत्व मे पचवर के पास के पास से उ0नि0 देवेन्द्र कुमार दुबे मय हमराही पुलिस बल थाना केराकत जौनपुर द्वारा अभि0 1–राममूरत सरोज पुत्र राजेन्द्र सरोज 2– आलोक सरोज पुत्र सुदर्शन सरोज निवासीगण दृपचवर थाना केराकत जौनपुर को दिनांक 04.01.2022 को दिन मे 9.20 बजे गिरफ्तार किया गया तथा माननीय न्या0 के समक्ष न्यायिक अभिरक्षा रिमाण्ड हेतु रवाना किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त– 1. राममूरत सरोज पुत्र राजेन्द्र सरोज नि0 पचवर थाना केराकत जनपद जौनपुर उम्र करीब 45 वर्ष 2– आलोक सरोज पुत्र सुदर्शन सरोज नि0 पचवर थाना केराकत जौनपुर उम्र करीब 19 वर्ष आपराधिक इतिहास– 1– मु0अ0सं0 0004/22 धारा 147/148/323/ 307/504/506भादवि थाना केराकत जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1– नि0 लक्ष्मण पर्वत, प्र0नि0 थाना केराकत जनपद जौनपुर । 2– उ0नि0 देवेन्द्र कुमार दुबे हे0का0 सुग्रीव यादव , का0 विनय यादव थाना केराकत जनपद जौनपुर।

# मुंबई में जल्द लग सकता है लॉकडाउन : दिल्ली में वीकेंड कर्फ्यू

नई दिल्ली ब्यूरो : देश में कोरोना के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ रहे हैं। विभिन्न राज्यों में लगातार प्रतिबंधों का एलान किया जा रहा है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, कर्नाटक, गोवा, हरियाणा, तेलंगाना, झारखंड में स्कूलों को बंद कर दिया गया है। देश में कोरोना वायरस के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ रहे हैं। कोरोना का नया और अधिक संक्रामक वैरिएंट ओमिक्रॉन भी तेजी से फैल रहा है और हालात जल्द ही तीसरी लहर की ओर इशारा कर रहे हैं। इसी के साथ दुनिया भर के देशों के साथ भारत में भी प्रतिबंधों के दौर की फिर से शुरुआत हो गई है। दूसरी लहर की तरह इस बार भी राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली और महाराष्ट्र सबसे ज्यादा प्रभावित दिख रहे हैं। प्रतिबंधों की बात करें तो दिल्ली में वीकेंड कर्फ्यू की शुरुआत कर दी गई है और वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था एक बार फिर लागू की जा रही है। मुंबई में कोरोना संक्रमण के तेजी से बढ़ते मामलों को देखते हुए जल्द ही लॉकडाउन लग सकता है। वहीं, पंजाब, झारखंड, राजस्थान और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही रात्रि कर्फ्यू समेत अन्य कई प्रतिबंध भी लागू किए गए हैं। मुंबई में जल्द लगाया जा सकता है लॉकडाउन। मुंबई की मेयर किशोरी पेडनेकर ने मंगलवार को कहा कि अगर शहर में कोरोना के मामले 20 हजार का आंकड़ा पार कर जाते हैं तो यहां केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार लॉकडाउन लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई नहीं चाहता कि लॉकडाउन लगे, अगर लॉकडाउन फिर से लगा तो यह सबको बुरी तरह प्रभावित करेगा। लेकिन अगर कोविड के मामले 20 हजार से ऊपर डाते हैं तो लॉकडाउन लगाया जाएगा। मेयर ने लोगों से अपील की है कि सार्वजनिक बसों और लोकल ट्रेन में सफर करते समय तीन परत वाला मास्क पहनें। जिन्होंने टीका नहीं लगवाया है वह तुरंत टीका लगवाएं और कोरोना संबंधी सभी नियमों का गंभीरता के साथ पालन करें। मेयर ने आगे कहा कि अगर विवाह समारोह आयोजित होते हैं तो उन्हें नियमों के अनुसार करें और यह सुनिश्चित करें कि इस तरह के कार्यक्रम महामारी के सुपर–स्प्रेडर न बनने पाएं। दिल्ली में वीकेंड कर्फ्यू का फैसला, वर्क फ्रॉम होम। दिल्ली सरकार ने ओमिक्रॉन के मामलों के तेजी से प्रसार के बीच मंगलवार को सप्ताहांत पर कर्फ्यू लगाने का फैसला किया है। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार और रविवार को कर्फ्यू रहेगा। इसके अलावा आवश्यक सेवाओं के अलावा सभी सरकारी कर्मचारी घर से काम करेंगे। निजी कार्यालयों को 50 फीसदी की क्षमता के साथ काम करने की अनुमति दी गई है। हालांकि, मेट्रो और बसों का पूर्ण क्षमता के साथ संचालन जारी रखा जाएगा। सिसोदिया ने बताया कि मेट्रो स्टेशनों और बस स्टॉप पर बैठनी की क्षमता आधी करने से वहां लंबी पंक्तियां लग रही हैं। सरकार को आशंका है कि बस स्टॉप और मेट्रो स्टेशन संक्रमण के तेजी से फैलने का केंद्र बन सकते हैं, ऐसे में इन्हें पूरी क्षमता से




चलाया जाएगा। उन्होंने कहा, किसी को भी बिना मास्क यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। दिल्ली में संक्रमण की दर पांच फीसदी के पार चले जाने के बाद डीडीएमए (दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण) ने 28 दिसंबर को 'येलो अलर्ट' की घोषणा की थी। इसके तहत दिल्ली में सभी सिनेमाघर और जिम बंद कर दिए गए थे। डीडीएमए की योजना अनुसार पांच दिन तक लगातार संक्रमण दर पांच फीसदी से अधिक रहने पर 'रेड अलर्ट' का एलान कर दिया जाता है, जिसके तहत पूर्ण कर्फ्यू लागू कर दिया जाता है। पंजाब में रात्रि कर्फ्यू, शिक्षण संस्थान बंद किए गए। पंजाब सरकार ने भी कोविड मामलों में तेजी को देखते हुए रात्रि कर्फ्यू लगाने और शिक्षण संस्थानों को बंद करने का एलान किया है। इसके अलावा सिनेमाघरों को 50 फीसदी क्षमता के साथ संचालित होने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि ये सभी प्रतिबंध 15 जनवरी तक लागू रहेंगे। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार सभी शिक्षण संस्थान, स्कूल–कॉलेज, यूनिवर्सिटी और कोचिंग सेंटर बंद रहेंगे। सभी कक्षाएं ऑनलाइन माध्यम से संचालित की जाएंगी। हालांकि, मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। इसके अलावा बार, सिनेमाघर, मल्टीप्लेक्स, मॉल, रेस्तरां, स्पा, संग्रहालय और चिड़ियाघर 50 फीसदी क्षमता के साथ संचालित किए जाएंगे। इन सभी स्थानों पर सभी कर्मचारियों का पूर्ण टीकाकरण होना चाहिए। आदेश के अनुसार प्रदेश में एसी बसें 50 फीसदी क्षमता के साथ चलाई जाएंगी। गोवा में स्कूल–कॉलेज बंद, कर्नाटक में भी जल्द लागू होंगे प्रतिबंध । गोवा सरकार ने भी राज्य में कोरोना के मामलों में तेजी के मद्देनजर स्कूल और कॉलेजों को 26 जनवरी तक बंद करने का फैसला किया है। वहीं, कर्नाटक सरकार इस सप्ताह संक्रमण के प्रसार की रोकथाम के लिए और नियंत्रण के लिए नियम लागू करने पर विचार कर रही है। राज्य कैबिनेट विशेषज्ञों के साथ विचार–विमर्श करने के बाद इस सप्ताह इस पर निर्णय ले सकता है। पश्चिम बंगाल सरकार ने भी सभी शिक्षण संस्थानों को बंद करने और कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति 50 फीसदी तक सीमित करने का फैसला किया है। राज्य में कोविड संबंधी प्रतिबंधों को फिर लागू कर दिया गया है। इसके अलावा यहां के लिए मुंबई और नई दिल्ली से उड़ानों को भी सीमित किया गया है। अब ये उड़ानें सप्ताह में केवल दो बार (सोमवार और शुक्रवार को) चलेंगी।

# बगैर राशन दिए अंगूठा लगवाता है कोटेदार : सीएम पोर्टल पर शिकायत : जांच में खुली पोल

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले में इन दिनों कोटेदार जम कर कर रहे राशन की कालाबाजारी जिले के मिल्कीपुर तहसील के गांव केशवपुर चिलबिली में बगैर राशन दिए कार्डधारकों ने अंगूठा लगवाने बात जांच में सामने आई है। अयोध्या में सरकारी राशन की दुकानों के संचालक कार्ड धारकों से ई पास मशीन में अंगूठा तो लगवा रहे हैं लेकिन उन्हें राशन वितरण नहीं कर रहे हैं। जांच में ग्रामीणों को राशन दिए बगैर गेहूं का स्टाक गायब मिला जबकि चावल इस माह उठाए गए कोटे से ज्यादा पाया गयास इसे देख खुद जांच करने गए अधिकारी चौंक उठेस सीएम पोर्टल पर शिकायत की जांच करने पहुंचे अधिकारी से लोगों ने बताया कि एक सप्ताह पहले ही अंगूठा लगवा लिया गया पर राशन नहीं मिला। सीएम पोर्टल पर शिकायत की जांच करने पहुंचे अधिकारी से लोगों ने बताया कि एक सप्ताह पहले ही अंगूठा लगवा लिया गया पर राशन नहीं मिला। राशन न वितरण करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की मिल्कीपुर तहसील अंतर्गत हैरिंग्टगंज विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केशवपुर चिलबिली का प्रकाश में आया है जहां के ग्रामीणोंने कोटेदार पर राशन न वितरण करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल समेत 1076 पर शिकायत दर्ज कराया था।शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पूर्ति निरीक्षक मिल्कीपुर मुइद खान सोमवार को केशवपुर चिलबिली गांव के ग्रामीणों का बयान दर्ज करने पहुंचे तो बड़ी संख्या में राशन कार्ड धारक राशन न मिलने का बयान दर्ज करायास कहा कि कोटेदार द्वारा ईपास मशीन पर अंगूठा तो लगभग एक सप्ताह पहले ही लगवा लिया गया है लेकिन अभी तक द्वितीय चरण कज राशन का वितरण नहीं किया गया। उठान किए हुए राशन व स्टॉक सत्यापन में मिले अनाज में अंतर मिला। ग्रामीणों का बयान दर्ज करने के बाद पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार के स्टॉक रजिस्टर को अपने कब्जे में लेते हुए स्टाक का सत्यापन किया तो सत्यापन में 60 बोरी चावल मिला जबकि दिसंबर माह के द्वितीय चरण में 61 बोरी गेहूं व 40 बोरी चावल का उठान किया गया है। कोटेदार ने बताया कि प्राप्त स्टॉक में 10 बोरी चावल आंगनबाड़ी का है।उठान किए हुए राशन व स्टॉक सत्यापन में मिले राशन में अंतर होना ही यह प्रदर्शित करता है कि कोटेदार द्वारा भारी अनियमितता बरती गई है। प्रकरण के संबंध में जब कोटेदार शांति देवी से बात की गई तो बताया कि अंगूठा लगवा लिया है कहीं से भी व्यवस्था करके राशन का वितरण किया जाएगा। कोटेदार जांच अधिकारी को राशन वितरण रजिस्टर उपलब्ध नहीं करा सका।वही जांच करने पहुंचे पूर्ति निरीक्षक मिल्कीपुर मुइद खान से जब जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि स्टॉक रजिस्टर का सत्यापन किया गया है स्टॉक में 60 बोरी चावल प्राप्त हुआ है जबकि दिसंबर माह के द्वितीय चरण में 61 बोरी गेहूं व 40 बोरी चावल का उठान किया गया है । मांगे जाने पर कोटेदार द्वारा वितरण रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराया गया जिससे यह स्पष्ट नहीं हो सका कि कितना राशन वितरण हुआ है कितना अभी अवशेष है।

## दबंग युवक ने नाबालिक युवती का किया अपहरण : युवती के पिता को भी मारा रिपोर्ट दर्ज

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के पूराकलंदर थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम को भुक्तभोगी पिता ने अपनी पुत्री के दुष्कर्म की नीयत से अपहरण करने का आरोप लगा कर आरोपी दबंग संजय निषाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।इस संबंध में पुलिस के मुताबिक पूराकलंदर पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।पूराकलंदर थाना क्षेत्र के एक युवती के पिता ने शनिवार की शाम को अपनी नाबालिक पुत्री की दुष्कर्म की नीयत से अपहरण करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज करायी पूराकलंदर थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह दरोगा लोकेंद्र सिंह एवम हमराही सिपाहियों के साथ मिलकर आरोपी दबंग युवक के घर मे छापा डाला तो युवती युवक के घर मे ही बरामद हुई जिस पर पूराकलंदर पुलिस आरोपी युवक को एवम उसके सहयोग में उसकी बहन को थाने ले आयी जहां पर आरोपी दबंग संजय निषाद पुत्र जवाहर ग्राम सरियावा थाना पूराकलंदर एवम और सहयोगी के खिलाफ 363,366,1(10)3 7/8 पास्को एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया।इस संबंध में थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी अयोध्या अरविंद चतुर्वेदी करेंगे क्षेत्राधिकारी अयोध्या अरविंद चतुर्वेदी ने बताया मामले में साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे है।साक्ष्य उपरान्त धारा में परिवर्तन किया जाएगा।

# उच्चस्तरीय टीम–09 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा–निर्देश

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)18 आयु वर्ग के किशोर बच्चों का कोविड टीकाकरण प्रारम्भ हुआ है। मैंने स्वयं भी टीकाकरण केंद्र पर भ्रमण कर बच्चों से भेंट की। बच्चों में खूब उत्साह था। पहले ही दिन करीब प्रदेश में 1.50 लाख से अधिक बच्चों ने टीका कवर प्राप्त किया। यह बच्चे और उनके अभिभावक बधाई के पात्र हैं। बच्चों को वैक्सीनेशन की तिथि व अगले दिन विद्यालय में अवकाश दिया जाए। कोविड वैरिएंट की सटीक पहचान के लिए प्रदेश में कई संस्थनों में जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जा रही है। किंतु बदलती परिस्थितियों के दृष्टिगत यह जरूरी है कि जीनोम सिक्वेंसिंग के साधनों में बढ़ोतरी की जाए। गोरखपुर, झांसी, गाजियाबाद के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों और एसजीपीजीआई लखनऊ में भी इसकी सुविधा तत्काल उपलब्ध कराई जाए। इसमें कतई विलम्ब न हो। इसे शीर्ष प्राथमिकता दी जाए। प्रदेश में कोरोना के नए मामलों में तेजी देखने को मिल रही है। बीते 24 घंटों में हुई 01 लाख 47 हजार 851 सैम्पल की जांच में कुल 572 नए संक्रमितों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 34 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। आज प्रदेश में कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 2261 है। अतः कोरोना प्रोटोकॉल का हर हाल में अनुपालन जरूरी है। लोगों को बचाव के संबंध में लगातार जागरूक किया जाए। उन्हें मास्क पहनने, टीकाकरण कराने और सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करने, टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया जाए। बचाव का यह सर्वोत्तम प्राथमिक उपाय है। 20 करोड़ 36 लाख से अधिक कोविड टीकाकरण और 09 करोड़ 34 लाख से अधिक टेस्टिंग करके उत्तर प्रदेश टेस्टिंग और टीकाकरण देश में प्रथम स्थान पर है। यहां 07 करोड़ 46 लाख से अधिक लोगों को टीके की दोनों डोज देकर कोविड का सुरक्षा कवर प्रदान कर दिया गया है। 12 करोड़ 90 लाख लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है। इस प्रकार टीकाकरण के लिए पात्र प्रदेश की कुल आबादी में लगभग 88 फीसदी को पहली और 50 फीसदी से अधिक लोगों को दोनों डोज मिल चुकी है। वैक्सीनेशन को और तेज करने की जरूरत है। इस संबंध में सभी जरूरी प्रयास किये जाएं। कोविड केस की बढ़ोतरी को देखते हुए राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है। सभी जिलों की स्थिति पर दृष्टि रखी जा रही है। ओमिक्रोन वेरिएंट की संक्रामकता के संबंध में विशेषज्ञों का मानना है कि यह वैरिएंट तीव्र संक्रामक है, किंतु पूर्व के वैरिएंट की तुलना में वैक्सीनेटेड लोगों के लिए बड़ा खतरा नहीं है। लोगों में अनावश्यक पैनिक न हों, उन्हें सही, सटीक और समुचित जानकारी दी जाए। जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर की जाए। घर–घर मेडिकल किट वितरण के लिए पैकेट तैयार कर लिए जाएं। कोविड पर प्रभावी नियंत्रण और आवश्यक रणनीति के लिए राज्य स्तर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों का एक सलाहकार पैनल पूर्व में ही गठित है। कोविड की बदलती परिस्थितियों के बीच इस समिति से परामर्श प्राप्त किया जाए। मंगलवार को समिति के सदस्यों के साथ समीक्षा की जाएगी। प्रदेश के सभी शासकीय, अर्धशासकीय, निजी, ट्रस्ट आदि संस्थाओं, कंपनियों, शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों, औद्योगिक इकाइयों में तत्काल प्रभाव से कोविड हेल्प डेस्क क्रियाशील करा दिया जाए। जरूरत के अनुसार डे केयर सेंटर भी स्थापित हों। बिना स्क्रीनिंग/ सैनिटाइजेशन के किसी को परिसर में प्रवेश न दें। आगामी विधानसभा चुनावों में पुलिस बल की महती भूमिका को देखते हुए कोविड से बचाव के लिए सभी इंतजाम किये जाएं। प्रधानमंत्री जी ने 10 जनवरी से सभी कोरोना वॉरियर्स, हेल्थकेयर व फ्रंटलाइन वर्कर्स तथा 60 वर्ष से ऊपर की आयु के को–मॉर्बीडिटी वाले नागरिकों को प्री–कॉशन डोज दी जाएगी। पुलिस बल के हर सदस्य को प्री–कॉशन डोज दी जाए। कोरोना के खिलाफ अब तक की लड़ाई में निगरानी समिफतियों ने प्रभावी भूमिका रही है। इन्हें एक्टिव करते हुए डोर–टू–डोर टीकाकरण की स्थिति का सर्वे किया जाए और बचे हुए लोगों का टीकाकरण कराया जाए। बाहर से गांव–शहरी वार्ड में आने वालों की ट्रेसिंग–टेस्टिंग कराई जाए। आवश्यकतानुसार होम क्वारन्टीन अथवा अस्पताल में उपचार की सुविधा दिलाई जाए। प्रदेश के सभी जनपदों में स्थापित किए गए इंटीग्रेटेड कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) को 24×7 एक्टिव रखा जाए। पूर्व की भांति वहां नियमित बैठकें आयोजित की जाएं। आईसीसीसी हेल्पनंबर सार्वजनिक कर इसका व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। लोग किसी जरूरत पर तत्काल वहां संपर्क कर सकते हैं। एम्बुलेंस 24×7 एक्टिव मोड में रहें। सीएम हेल्पलाइन से लोगों से संवाद किया जाए। कोरोना के खिलाफ अब तक की लड़ाई में उत्तर प्रदेश के प्रयास को वैश्विक सराहना मिली है, आगे भी हम सभी के सहयोग से जीत हासिल करेंगे।

# उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 46 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्ति

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले में गत 31दिसंबर को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 46 रेल कर्मचारी रेलसेवा से निवृत्त हुए।इन समस्त सेवा निवृत्त कर्मचारियों को सोमवार को मंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह के अंतर्गत अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा) वी.के. पाण्डेय द्वारा प्रत्येक कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया, जिसका भुगतान कर्मी के नामांकित बैंक खाते में सीधे RTGS के माध्यम से भेजा जायेगा एवं कर्मचारी के खाते में स्वतः क्रेडिट हो जायेगाद्य इन कर्मचारियों को कुल रु० 5,85,01,176/– का भुगतान किया गया।इस अवसर पर प्रत्येक सेवानिवृत कर्मचारी को गोल्ड कोटेड चांदी का पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस आयोजन के तहत सर्वप्रथम वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, उत्तर रेलवे, लखनऊ, श्रीमती बबल यादव ने समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों का स्वागत किया तथा उनकी रेल सेवाओं हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ,श्री सुरेश कुमार सपरा ने समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके द्वारा प्रदान की गयी रेल सेवाओं की सराहना करते हुए उनको अपनी शुभकामनाएं दी एवं सभी के स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की।

# नये साल पर पांच लाख से अधिक भक्त पहुंचे काशी विश्वनाथ : डमरु व शंखनाद से गूंजा मंदिर परिसर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)हमारे वाराणसी संवाददाता के मुताबिक श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में साल के पहले दिन भक्तों का रेला उमड़ा।जिसके चलते प्रशासन को वीआईपी दर्शन बंद कराना पड़ा।नव वर्ष के सुबह से देर रात तक भक्तों की अटूट कतार लगी रही और शयन आरती तक बाबा के दरबार में पांच लाख से अधिक शिव भक्तों ने शीश नवाया। नववर्ष के नवविहान की पहली किरण के साथ ही बाबा के दरबार में दर्शन–पूजन का सिलसिला आरंभ हुआ। मंगल बेला में मंगला आरती के पहले से ही बाबा के दर्शन के लिए मंदिर में कतार लगनी शुरू हो गई।दूसरी ओर बाबा के धाम में डमरू की निनाद के साथ 1051 शंख के नाद से ही विश्व कीर्तिमान के लिए बनारस ने अपने कदम बढ़ा दिए। मंदिर के आसपास का संपूर्ण इलाका शंख और डमरू की निनाद से गुंजायमान होता रहा।शंखवादकों ने शंख बजाकर महादेव के दरबार में विश्व में सुख, समृद्धि, आरोग्य, महामारी से मुक्ति और शांति की कामना की।शनिवार को बाबा के दरबार में एक दिन में सबसे अधिक दर्शन करने वालों का रिकॉर्ड टूट गया।सावन के बाद यह पहला मौका था जब पांच लाख से अधिक भक्तों ने बाबा दरबार में दर्शन पूजन किया। शयन आरती के समय मंदिर के कपाट बंद होने तक श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा। मंगला आरती में ही एक हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। विश्वनाथ मंदिर मुख्य परिसर के अंदर से ज्ञानवापी, बांस फाटक से लेकर गोदौलिया, लक्सा व मैदागिन तक सिर्फ लोगों की कतार ही नजर आ रही थी।10 बजे तो हालत नियंत्रण से बाहर हो गए।इस संबंध में मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल को जब भारी भीड़ और अव्यवस्था के बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने खुद ही मोर्चा संभाला।जो रविवार को भी डटे रहे।शाम छह बजे तक मंडलायुक्त मंदिर परिसर में ही व्यवस्था संभालने में लगे रहे। मंडलायुक्त के आने के बाद सुरक्षाकर्मी से लेकर प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी भी मुस्तैद नजर आने लगे। मंदिर प्रशासन के अनुसार सुबह 10:30 बजे तक



सवा लाख से अधिक लोगों ने दर्शन किया था। मंदिर में दर्शन करने वालों की कतार लगातार बढ़ती गई।मंदिर से गोदौलिया तक आने में लोगों को ठंड में भी पसीने छूट गए।एक तरफ मंदिर में जाने के लिए कतार लगी थी तो दूसरी तरफ निकलने वालों की कतार।शनिवार को काशी विश्वनाथ धाम यात्रा के अंतर्गत संस्कृति विभाग की ओर से हुए आयोजन में पर्यटन मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी ने जैसे ही हर–हर महादेव के जयघोष के साथ शंखनाद किया तो धाम का चौक क्षेत्र सहस्त्र शंख और डमरू की निनाद से गूंजने लगा। 35 मिनट तक शंख वादकों ने निरंतर शंखवादन कर पूरे धाम क्षेत्र को अध्यात्म और सकारात्मक ऊर्जा की तरंगों से तरंगित कर दिया। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सुबह आठ बजे से ही पंजीकृत सदस्यों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। विभिन्न स्कूल, महाविद्यालय, संगीत विद्यालय, सामाजिक संगठनों और नागरिकों को छोटे–छोटे समूहों में विश्वनाथ चौक में खड़ा किया गया था।उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पश्चिम बंगाल, ओडिसा, मणिपुर और असम के लोगों ने भी पारंपरिक परिधान धारण कर शंखनाद किया।इसका उद्घाटन प्रदेश के पर्यटन मंत्री नीलकंठ तिवारी, एनसीजेडसीसी के निदेशक प्रो. सुरेश शर्मा, डॉ. गौरी बासु और विद्यासागर राय ने किया।क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र प्रभारी डॉ. सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि शंखनाद के आयोजन को गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल करने के लिए भेजा जाएगा। पूरे आयोजन की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कराई गई है।एक साथ 35 मिनट तक 1051 शंखवादकों ने शंखवादन का नया रिकॉर्ड बनाया गया है।

## गुप्तारघाट पर स्थापित कराई गई महाराणा प्रताप की प्रतिमा

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)रामनगरी अयोध्या के गुप्तार घाट पर अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के प्रयास से महाराणा प्रताप की मूर्ति की स्थापना कराई गई काफी दिनों से चल रहे संघर्ष को परिणाम मिलते हुए अयोध्या मे भारत के गौरव महाराणा प्रताप की विशाल मूर्ति सरयू के तट पर गुप्तार घाट पर्यटन स्थल सहादतगंज का हनुमानगढ़ी के मुख्य महंत द्वारा विधि पूर्वक पूजा पाठ कर भूमि पूजन किया गया।इस अवसर पर अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव व अधिकारी व समाज के लोग मौजूद रहे सबके उपस्थिति पर महानायक महाबली राणा प्रताप की मूर्ति स्थापित की गई महाराणा प्रताप की यह मूर्ति जयपुर से लाई गई है स्थापना के अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के अध्यक्ष राजेश सिंह जी ने बताया कि महाराणा प्रताप भारत का गौरव है क्षत्रिय समाज के ही नहीं समस्त भारत वासियों के आदर्श हैं भारत मैं महान कई महापुरुष है जिसमें से महाराणा प्रताप प्रबल शक्तिशाली बलवान महापुरुष जिनकी महानता व वीरता की मिसाल कायम है।अयोध्या भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के वंशज महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित हुई राजेश सिंह ने बताया कि महाराणा प्रताप मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र जी के वंशज हैं जिन्होंने भारत के लिए बहुत संघर्ष किया महाबली महाराणा प्रताप ने दुश्मनों के सामने घुटने नहीं टेके अपने दुश्मनों को लोहे के चने चबा दिए ऐसे महापुरुष की प्रतिमा अयोध्या में लग गई है जो अयोध्या के पर्यटन वह गुप्तार घाट की खूबसूरती को और सुंदर बनाएगी इस विशाल प्रतिमा को देखने के लिए दूर–दूर से लोग देखने आएंगे आज की पीढ़ी को इस मूर्ति के दर्शन होंगे वाह महान महानायक महाराणा प्रताप के बारे में वह उनकी वीरता के बारे में जानकारी प्राप्त होगी।इस अवसर पर डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर को फंसा अजय प्रताप सिंह ने बताया कि जिस प्रकार महाराणा प्रताप महाबली बुद्धिमान थे जिनकी कोई मिसाल नहीं जिनके सामने अच्छे–अच्छे महाबली घुटने टेकने पड़ते थे उस महान पुरुष की मूर्ति अयोध्या में स्थापित हुई जिसके लिए हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त करते हैं आज भारत में महापुरुषों के नाम पर शहर महापुरुषों की मूर्तियां स्थापित हो रही है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच नहीं है कि हमारे भारत का इतिहास समाज के सामने दिखता नजर आए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से भारतीय इतिहास परंपराएं फिर से उजागर होते दिख रही है आज हम सब लोगों को बहुत ही प्रसन्नता हो रही है कि भारत के गौरव महाबली महाराणा प्रताप की मूर्ति अयोध्या में स्थापित हुई।इस अवसर पर मुख्य रूप से कुलदीप सिंह जी, शिव कुमार सिंह, संतोष सिंह, वेद सिंह कमल, राजेंद्र प्रताप सिंह, विक्रम सिंह, सूर्यभान सिंह, इंद्रजीत सिंह, भूपेंद्र सिंह डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष, राजेश सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, अशोक सिंह, तहसीलदार सिंह, राजेंद्र सिंह, चंदन सिंह, पृथ्वीराज सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# तारुन में अनुसूचित जागरूकता सम्मेलन कार्यक्रम में भाजपा पर जमकर बरसे पूर्व विधायक अभय सिंह

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के तारुन बाजार में आयोजित सपा गोसाईगंज के अनुसूचित जागरूकता सम्मेलन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद त्रिभुवन दत्त ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसान सम्मान निधि, फ्री राशन आदि की लालच देकर पिछड़ो व दलितों की नौकरियों को छीनने का कार्य कर रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से कहा आपने हकहकूक के लिये सपा सरकार बनाये। जिसमे सभी का भविष्य सुरक्षित रहेगा।इस मौके पर पूर्व विधायक अभय सिंह ने भाजपा पर प्रहार करते हुये कहा कि कानून व्यवस्था ध्वस्त है। किसान को कुचलवाने वाला मंत्री सत्ता पर काबिज है। महगाई चरम पर है। गैस, तेल के दाम आसमान छू रहा है। परन्तु भाजपा सरकार गरीबो व किसानों की आय को दोगुनी करने का डिंडोर पीट रही है। उन्होंने कहा कि की उनके कार्यकाल में गरीबो मजलूमों के लिये घर के दरवाजे हमेशा खुले रहते थे। पूरा परिवार सभी के दुखसुख में हमेशा खड़ा रहता था। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम प्रसाद चौधरी संचालक सिया राम निषाद मुख्य सुनील भारती, रवि कोरी, गया प्रसाद यादव, भगवान बक्स सिंह, अमर सिंह, डॉक्टर सरिता सिंह, सिद्धार्थ सिंह, भारत वर्मा, नीरज सिंह, पिंटू सिंह, मोहम्मद मोवीन, संतु राजभर, सुंदर कोरी, राजेश गौड़ सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# चुनाव आते ही नेताओं को आती है पत्रकारों की याद

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)पाँच साल बीतने के उपरांत विधानसभा चुनाव आते ही विधायक और प्रत्याशियों को पत्रकारों की याद सताने लगी है।छोटे से छोटे कार्यक्रम पर पत्रकारों को याद कर कलम और पेंशन सहित डायरी थमा कर या फिर शाल प्रदान कर वाह वाही लूटने का दौर ही चल पड़ा है।अयोध्या जनपद के पांचों विधानसभा में इस समय पत्रकारों के आगे पीछे छूट भैया नेता मंडराते नजर आ रहे हैं तो वही मंत्री विधायक भी।पत्रकार परिक्रमा करने में लगे हुए हैं।इसी तरह अयोध्या में अनेक विधायको ने अयोध्या के पत्रकारों को कई जगह नए वर्ष की पार्टी भोज देकर नव वर्ष 2022 की डायरी देकर पत्रकारों को शुभकामना प्रदान किया।5 वर्ष तक किसी भी पत्रकार को याद न करने वाले विधायक और मंत्रियों को पत्रकारों को सम्मानित करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## कुंभकरण की नींद में सो रहे अधिकारी एवं कर्मी के नही मिल रहा समय से पशुओं को चारा पानी

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)इस समय एक तरफ जहां प्रदेश सरकार द्वारा छोटा जानवरों पर किसानों को मुफ्त दिलाने के लिए गौशालाओं पर पानी की तरह अकूत धन वर्षा कर निर्माण करवाया गया परंतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं ग्राम प्रधानों की मिलीभगत से पशुओं को उचित समय पर चारा पानी की व्यवस्था नहीं की जा रही वही हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा छुट्टा जानवरों के निजात दिलाने के लिए प्रदेश की समस्त आला अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त घूम रहे जानवरों को गौशाला में एकत्र कर दिया जाए परंतु कुंभकरण की नींद में सो रहे अधिकारी एवं कर्मचारियों की नींद खुलने का नाम नहीं ले रही ऐसा लगता है यह लोग जानबूझकर सरकार को बदनाम करने पर तुले हैं यदि समय रहते इन पर सरकार कठोर कार्रवाई नहीं करती तो चुनावी वर्ष में सरकार को गंभीर परिणाम भुगतना होगा इनकी असलियत जानने के लिए यदि सरकार समस्त गौशालाओं की ड्रोन कैमरे से सर्वे करा लिया जाए तो समस्त दूध का दूध पानी का पानी फतेह सामने आ जाएगा आज किसान रात भर गाड़ी में ठिठुर कर किसी तरह अपनी फसल बचा रहा यदि सरकार टाइट होकर अपनी फसल नहीं बचा पाई तो यही नौकर सा हरी–भरी फसल को बर्बाद करवा देंगे।

# आयोजित रूल आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) देवकली प्रीमियम लीग द्वारा आयोजित रूल आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन बतौर मुख्य अतिथि फैजाबाद के प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने मैच खेल कर शुभारंभ किया।नाइन स्टार और हाहाकार टीम के बीच में फाइनल मैच हुआ, मैच बहुत संघर्षपूर्ण रहा, पहले नाइन स्टार ने खेलते हुए 58 रन बनाए ,जवाब में हाहाकार टीम ने 60 रन बनाकर मैच जीत लिया। कार्यक्रम में उपस्थित महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने दोनों टीमों की बधाई दिया और कहा आज आप छोटे से मैदान में खेल रहे हैं, लेकिन यही प्रेरणा और खेल का जज्बा आपको प्रदेश और देश में खेलने का मौका देगा, इसके लिए आपको निरंतर संघर्ष ,खेलने की बारीकी और बहुत कुछ सीखना होगा ,मुझे विश्वास है आप लोग बहुत आगे जाएंगे और अयोध्या का नाम रोशन करेंगे। विजई हाहाकार टीम के कप्तान दानिस को अवध जन शिक्षण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष शीतला पाठक, टंकल पाठक, शरद शुक्ला ,विक्की यादव ने शील्ड वा नगद पुरस्कार प्रदान किया। मैन ऑफ द मैच प्रदीप रहे ,बेस्ट बॉलर का खिताब नितिन तिवारी को और बेस्ट बैट्समैनका खिताब गुड्डू के नाम रहा। कार्यक्रम के ऑर्गेनाइजर नितिन पांडे एवं विक्की पांडे ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख लोगों का सहयोग रहा जिसमें योगेश पाठक, राहुल गुप्ता ,मनीष श्रीवास्तव ,यीशु पाठक ,विश्वजीत पाठक ,विशाल पाठक, करुणकर पाठक, अजय पाठक ,सीनू पाठक ,सचिन कश्यप अनिल गुप्ता ,कल्लू , बिस्सन , सोनू, बृजेश, नितिन तिवारी, सुरेश आदि रहे।

# छुट्टा जानवर की सुधि न लेने के चलते आये दिन सड़क हादसे में हो रही मौत

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)इस समय छुट्टा जानवरों कि नहीं कोई सुध लेने वाला नहीं है।जिससे आए दिन सड़क हादसा हो रही है।वही छुट्टा जानवरो कि नहीं कोई सुध लेने वाला नहीं है।इस समय छुट्टा जानवर कि नहीं कोई सुध लेने वाला आए दिन होती है।वही इस मामले में प्रशासन भी मौन है। सोहावल किसान अयोध्या छुट्टा जानवर से परेशान है। प्रशासन के मौन होने के चलते आए दिन सड़क हादसा हो रही है।अक्सर लोगों को जानवरों के द्वारा सड़क के ऊपर दुर्घटना देखने को मिल रही है।जबकि सरकार के द्वारा यह सख्त निर्देश दिया गया है कि कोई भी छुट्टा जानवर क्षेत्र में नहीं दिखाई देना चाहिए। जिसकी जिम्मेदारी उप जिला अधिकारी एवं वीडियो की होगी।परंतु प्रशासन की उदासीनता के कारण आज भी सड़कों पर एवं किसानों के खेतों में देखने को मिल रहे हैं।छुट्टा जानवर क्षेत्र के तमाम ग्राम सभाओं में इन दिनों छुट्टा जानवरों का तांता लगा हुआ है किसान भी परेशान है सारी फसलें नष्ट हो रही हऐ सड़कों पर मौत प्रशासन भी है मौन सोहावल अयोध्या छुट्टा जानवर से परेशान है किसान प्रशासन भी है मौन आए दिन होती रहती है घटनाएं अक्सर लोगों को जानवरों के द्वारा सड़क के ऊपर दुर्घटना देखने को मिल रही है जबकि सरकार के द्वारा यह सख्त निर्देश दिया गया है कि कोई भी छुट्टा जानवर क्षेत्र में नहीं दिखाई देना चाहिए जिसकी जिम्मेदारी उप जिला अधिकारी एवं वीडियो की होगी परंतु प्रशासन की उदासीनता के कारण आज भी सड़कों पर एवं किसानों के खेतों में देखने को मिल रहे हैं छुट्टा जानवर क्षेत्र के तमाम ग्राम सभाओं में इन दिनों छुट्टा जानवरों का तांता लगा हुआ है किसान भी परेशान है सारी फसलें नष्ट हो रही है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।